# समाहरणालय, मुजफ्फरपुर।

## (जिला प्रोग्राम शाखा, आई0सी0डी0एस0)

## ऑगनबाड़ी–सह–केच (पालना) अन्तर्गत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियोजन हेतु विज्ञापन

## विज्ञापन संख्या–01/2025

निदेशक, आई0सी0डी0एस0 निदेशालय, बिहार पटना के पत्रांक–1700, दिनांक–06.03.2024, पत्रांक–3862, दिनांक–27.06.2024 एवं सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3815, दिनांक–24.08.2024 द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में मिशन शक्ति सार्मथ्य उप योजना अन्तर्गत मुजफ्फरपुर जिला के बाल विकास परियोजना, मुशहरी सदर, अन्तर्गत कुल–02 ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर ऑगनबाड़ी–सह– क्रेच (पालना) का संचालन किया जाना है। ऑगनबाड़ी–सह– क्रेच (पालना) के संचालन हेतु क्रेच वर्कर का एक पद एवं क्रेच हेल्पर का एक पद सृजित किया गया है, जिसकी रिक्ति निम्नवत है:–

| क्रमांक | जिला का नाम | परियोजना का नाम | ऑगनबाड़ी–सह– केच का नाम | रिक्ति | | वार्ड संख्या | आरक्षण कोटि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | केच वर्कर | केच हेल्पर | | |
| 01 | मुजफ्फरपुर | मुशहरी सदर | केन्द्र संख्या–50, पुरानी गुदरी | 01 | 01 | 40 | पिछड़ा वर्ग |
| 02 | मुजफ्फरपुर | मुशहरी सदर | केन्द्र संख्या–133, रामबाग ट्रेनिंग स्कूल के पास | 01 | 01 | 46 | पिछड़ा वर्ग |

उक्त रिक्त पद ऑगनबाड़ी–सह–केच वर्कर एवं केच हेल्पर (संविदा) हेतु इच्छुक महिलाओं से आवेदन आमंत्रित की जाती है। केच वर्कर एवं केच हेल्पर पद हेतु अलग–अलग आवेदन स्वीकार्य होगें।

**इस पद हेतु अर्हताऍ एवं शैक्षणिक योग्यताऍ निम्नवत होगी:–**

| क्रमांक | पद का नाम | योग्यता/अर्हताऍ | मानदेय | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | क्रेच वर्कर (महिला हेतु) | शैक्षणिक योग्यता–इन्टरमीडिएट अथवा समकक्ष, उम्र–न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम–35 वर्ष ( विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को ) | 5500.00 प्रति माह | पद संविदा आधारित है। |
| 02 | क्रेच हेल्पर (महिला हेतु) | शैक्षणिक योग्यता–मैट्रिक अथवा समकक्ष, उम्र–न्यूनतम 18 वर्ष अधिकतम–35 वर्ष ( विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को ) | 3000.00 प्रति माह | पद संविदा आधारित है। |

इच्छुक महिला अभ्यर्थी आवेदन के साथ स्वअभिप्रमाणित वांछित शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र /जाति प्रमाण पत्र/आवासीय प्रमाण पत्र/मैट्रिक अथवा समकक्ष प्रमाण पत्र जिसमें आवेदिका की जन्म तिथि अंकित हो, को संलग्न करते हुए आवेदन दे सकती है।

1. केच वर्कर एवं हेल्पर के मार्गदर्शिका के निहित प्रावधानों के तहत् आवेदन रजिस्टर्ड डाक द्वारा एवं हाथो–हाथ संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय, मुशहरी सदर, मुजफ्फरपुर में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिनो के अन्दर संध्या 5:00 बजे तक उपलब्ध कराया जा सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जाऍगें।

2. अन्य आवश्यक शर्तें

मतदाता एवं निवासी होने की योग्यता:–

(i)केच–वर्कर/हेल्पर के चयन हेतु वार्ड का निवासी होना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र के साथ सक्षम प्राधिकार से निर्गत स्थायी आवासीय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिसमें संबंधित वार्ड अंकित होना चाहिए।

(ii) केच–वर्कर/हेल्पर के चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को बिहार राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित पंचायत/नगर निकाय चुनाव के लिए निर्धारित वार्ड की आरक्षित कोटि के अंतर्गत जो महिला अभ्यर्थी आती हो, वही ऑगनबाड़ी केच वर्कर/हेल्पर के चयन के लिए योग्य होगी।

Scanned with OKEN Scanner

(iii) रिक्त वार्ड की आरक्षित कोटि में योग्य महिला के उपलब्ध नहीं होने पर क्रमानुसार अनुसूचित जनजाति/अनुसुचित जाति/अति पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक सहित)/पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक सहित)/ सामान्य वर्ग(अल्पसंख्यक सहित)/ के उम्मीदवार को चयनित किया जाएगा।

3. निरर्हता:–

ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हे किसी न्यायालय से दण्डित किया गया हो अथवा किसी प्रकार के अनियमितता के आरोप में चयनमुक्त कर दिया गया हो, ऑगनबाड़ी केच वर्कर/हेल्पर के पद पर चयन के लिए अर्हता धारित नहीं करेंगीं।

4. केच वर्कर/हेल्पर किसी भी प्रयोजन के लिए सरकारी सेवक नहीं मानी जाएगी तथा भविष्य में सरकारी सेवाओं में समायोजन का उनका कोई दावा मान्य नहीं होगा। ये मानदेय आधारित कार्यकर्त्ता होगीं। इस योजना के लागू रहने तक ही कार्य कर सकेंगी जिसके पश्चात् वह स्वतः सेवामुक्त हो जायेगीं।

5. वांछित सूचनाऍं:–

(क) केच वर्कर/हेल्पर हेतु पदवार समर्पित आवेदनों में सर्वोच्च शैक्षणिक आवेदनों में सर्वोच्च शैक्षणिक योग्यता वाले अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा।

(ख) दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों की सर्वोच्च शैक्षणिक योग्यता समान रहने पर अधिक मेधा अंक वाले उम्मीदवार का चयन किया जाएगा।

(ग) दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों की सर्वोच्च शैक्षणिक योग्यता एवं मेधा अंक भी समान रहने पर उनमें अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा।

इन पदो पर नियोजन से संबंधित समय समयं पर दी जाने वाली अन्य सूचनाऍं की विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्र का प्रारुप मुजफ्फरपुर जिला के (NIC) के वेंवसाइट– http://muzaffarpur.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है।

ममता वर्मा
14/01/25

जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,
(आई.सी.डी.एस.) मुजफ्फरपुर।

Scanned with OKEN Scanner

# आवेदन–प्रपत्र

विज्ञापन संख्या..................................

| स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|

1. आवेदित पद का नाम (क्रेच वर्कर / क्रेच हेल्पर)
2. अभ्यर्थी का नाम..................................................................................
3. जन्म तिथि:..........................................................................................
4. माता का नाम:.....................................................................................
5. पिता / पति का नाम:............................................................................
6. आधार कार्ड नम्बर...............................................................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ)

.....................................................................................................................................

8. पत्राचार का पता.................................................................................
9. कोटि– सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐

   अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐

10. मोबाईल नम्बर.....................................................................................
11. ई मेल आईडी.......................................................................................
12. **शैक्षणिक विवरणी:–**

| क्र0 | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड / विश्वविद्यालय कानाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | |
| 2 | इंटर | | | | | |
| 3 | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5 | पीएचडी / अन्य | | | | | |
| 6 | कम्प्यूटर योग्यता | | | | | |
| 7 | व्यवसायिक प्रशिक्षण | | | | | |
| 8 | अन्य | | | | | |

13. कार्य अनुभव :–

| क्र0 | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष / माह / दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. **संलग्न किये गये कागजातो की सूची :–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | |
| 3 | | 4 | |
| 5 | | 6 | |
| 7 | | 8 | |
| 9 | | 10 | |

घोषणा:–उपरोक्त सभी सूचना मेरी जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी कोई प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मै स्वंय जिम्मेवार रहूँगी एवं मेरे विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक..........................................

अभ्यार्थी का हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner